Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a railway station at Bhatewar on Mavil-Badisadri railway line in Chittorgarh Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार और रेल मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं कि चाहे नई लाइन हो, ब्रॉड गेज हो, चाहे नई ट्रेनें चलानी हों, उन्होंने राजस्थान में, स्पेशियली मेवाड़ में, रेलवे के क्षेत्र में बहुत बड़े काम किए।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी और सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि बड़ी सादड़ी से नीमच लाइन, जिसकी लोग आज़ादी से पहले से मांग कर रहे थे, इसका लगभग 76 वर्षों के बाद ब्रॉड गेज में गेज कंवर्जन का काम शुरू हुआ है। उसी सेक्शन में भटेवर एक रेलवे स्टेशन बन सकता है। वहां नेशनल हाईवे 76 है, नया एयरपोर्ट है, हॉस्पीटल है और वहां नया कृषि विज्ञान केन्द्र भी आने वाला है और उसके आस-पास कई बड़े-बड़े कस्बे हैं। इसलिए उस रेलवे स्टेशन पर एक नया स्टॉपेज बनाया जाए। वहां से एयरपोर्ट भी नज़दीक है। ऐसा करने पर उसके आस-पास के क्षेत्रों को भी उसका लाभ मिलेगा। इसलिए भटेवर में एक नया रेलवे स्टॉपेज बनाया जाए, यही आपके माध्यम से मेरी सरकार से मांग है।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री सुधीर गुप्ता, श्री आलोक संजर, श्री अर्जुन लाल मीणा एवं श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री चन्द्र प्रकाश जोशी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।